मुझे वृन्दावन आना है | By Manisha Kashyap

तू सुनले ओ श्री राधे मुझे वृन्दावन आना है
जो दिल में दर्द है इतना वो तुमको खुद सुनाना है

मेरे आंसू बता देंगे मेरी तड़पन मेरी राधे
मैं डूबी प्रेम में तेरे मैं तेरी हूँ मेरी राधे
तू चरणों में ही रख लेना नहीं अब दूर जाना है
तू सुनले ओ श्री राधे मुझे वृन्दावन आना है
जो दिल में दर्द है इतना वो तुमको खुद सुनाना है

तेरा मुखड़ा निहारूंगी तेरे में खो ही जाउंगी
रटूँगी राधे श्यामा मैं जब तेरे द्वार आउंगी
बुला लो ना मुझे जल्दी ये पागल तेरी दीवानी है
तू सुनले ओ श्री राधे मुझे वृन्दावन आना है
जो दिल में दर्द है इतना वो तुमको खुद सुनाना है

मैं पापी हूँ बहुत ज्यादा मेरे तू पाप हर लेना
करू सेवा सदा तेरी यही वरदान मुझे देना
मैं दुनिया की सताई हूँ मुझे तेरा नाम पाना है
तू सुनले ओ श्री राधे मुझे वृन्दावन आना है
जो दिल में दर्द है इतना वो तुमको खुद सुनाना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-manisha-kashyap/